# मनाया गया भगवती सिंह का 93वां जन्मदिवस



## परफेक्ट मिशन

**बीकेटी (लखनऊ)।** प्रख्यात समाजवादी चिंतक भगवती सिंह का 93वां जन्मदिवस धूमधाम के साथ बाबूजी द्वारा स्थापित संस्थाओं में मनाया गया। कृषि महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाबू भगवती सिंह के जन्म दिवस पर मां चंद्रिका देवी के पावन स्थल पर हवन पूजन एवं वृहद कवि सम्मेलन का आयोजन भगवती सिंह जन्मदिवस समिति के द्वारा किया गया।

बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज विद्यालय के प्रबंधक एनके सिंह सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने मंत्री जी की प्रतिमा के सामने हवन किया तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महाविद्यालय के नव -प्रवेशित छात्र-छात्राओं के द्वारा द्वारा भजन कीर्तन किए गए। सीतापुर के विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने बाबूजी के कार्यों की चर्चा की। चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सांसद राज्यसभा डॉ अशोक वाजपेई ने मंत्री जी के जीवन पर चर्चा की, महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ तेज प्रकाश सिंह एवं भारत सेवा संस्थान के महामंत्री डॉ जे एन मिश्रा ने बताया की श्रदेय बाबू भगवती सिंह सदैव किसानों गरीबों की मदद करते थे। 93वीं जयंती पर पर दृष्टि सामाजिक संस्थान, लखनऊ में दृष्टिहीन मूकबधिर एवं अनाथ बच्चों को भोजन कराया जाएगा। श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह के जीवन पर आधारित ध्रुव तारा एवं कौन थे भगवती सिंह पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर बाबू भगवती सिंह स्मृति ट्रस्ट के अध्यक्ष बलबीर सिंह राठौड़, शिव कुमार सिंह, महामंत्री बैजनाथ रावत, शिवमंगल चौरसिया, डीपी सिंह, योगेश सिंह चौहान, डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ सुधाकर सिंह, जितेंद्र निगम, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, डॉ दीपक पांडे, शिव बहादुर सिंह, प्रतिमा सिंह, डॉ रश्मि पांडे, डॉ उपमा त्रिपाठी, सहित सभी शिक्षक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।